(Pages : 3)

**618**

Sl. No.

# S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH-2013

## Third Language

## HINDI

Time : 1½ hour　　　　　　　　　　　　　　　　Total Score : **40**

**निर्देश :**

- **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- पन्द्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा। इस समय प्रश्न पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है। इस अवसर पर कुछ भी न लिखें।

**Score**

**1.** तालिका की पूर्ति करके लिखें। **2**

| पाठ | प्रोक्ति | लेखक |
|---|---|---|
| गौरा | - | महादेवी वर्मा |
| - | कविता | भगवत रावत |
| वापसी | कहानी | - |
| - | उपन्यास अंश | पुनत्तिल कुञ्ञब्दुल्ला |

**2.** अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर उनका समानार्थी शब्दों से निम्नलिखित खंड का पुनर्लेखन करें। **3**

(खाता-संख्या, पंजीकृत पत्र, शयनयान, प्रबंधक)

कमला को Registered Letter मिला। वह Manager के पास गयी। उन्होंने कहा कि Account number नहीं लिखी है।

**3.** निम्नलिखित घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें। **2**

- गजाधर बाबू को चीनी-मिल में नौकरी मिल गयी।
- गजाधर बाबू ने नौकर को छुड़ा दिया।
- अवकाश प्राप्त गजाधर बाबू घर वापस आया।
- नरेन्द्र ने बड़ी तत्परता से बिस्तर बाँधा और रिक्शा बुला लाया।

**4.** निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं से डॉ. कुमार की विशेषताएँ चुनकर लिखें। **2**

- गरीबों की सेवा करनेवाला।
- मरीज़ों को खिलौना समझनेवाला।
- मरीज़ों से सहानुभूति रखनेवाला।

Score

**सूचना:** 5 से 7 तक के प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें। 2x2=4

5. 'उन दिनों नगर में चैनल नहीं था' कवि इसे सौभाग्य मानते हैं - क्यों?

6. अवकाश प्राप्ति के बाद गजाधर बाबू अपने ही घर में पराया हो जाता है - इसका क्या कारण हो सकते हैं?

7. पढ़े-लिखे लोग भी घर-घर घूमते हैं, अनपढ़ भी। सकुबाई के इस कथन से समाज का कौन-सा चित्र व्यक्त होता है?

**सूचना:** 8 से 11 तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें। 3x4=12

8. डॉ. कुमार के भाषण के बाद एक छात्र उस अनुभव को अपनी डायरी में लिखता है। वह डायरी कल्पना करके लिखें।

9. गजाधर बाबू ने नौकर को छुड़ा दिया। इस पर परिवारवालों के बीच बातचीत होती है। वह बातचीत तैयार करें।

10. गौरा की मृत्यु से दु:खी होकर लेखिका अपनी बहिन को पत्र लिखती है। वह पत्र कल्पना करके लिखें।

11. गली में संक्रामक रोग फैल जाते हैं। गली को गन्दगी से मुक्त करने की सूचना देनेवाला एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना :** कविता पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यह मुरझाया हुआ फूल है,
इसका हृदय दु:खाना मत।
स्वयं बिखरनेवाली उसकी,
पंखुड़ियाँ बिखराना मत।
गुजरो अगर पास से इसके,
इसे चोट पहुँचाना मत।
जीवन की अंतिम घड़ियों में
देखो इसे रुलाना मत।

सुभद्राकुमारी चौहान

(पंखुड़ी - ഇതൾ, Petal, बिखरना- ചിതറുക, to scatter)

12. फूल कौन-सी हालत में है? 1

13. कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

14. कवितांश का आशय व्यक्त करें। 3

Score

**सूचना :** संशोधन करके खण्ड का पुनर्लेखन करें। 2

**15.** कमला की भाई प्रमोद अपने बहिन से मिलने आयी। मिलने पर प्रमोद खुश हुई।

**सूचना :** उचित विशेषण चुनकर खण्ड का पुनर्लेखन करें। 2

**16.** (छोटे, संकरी, मैला, भूखा)

_____ कपड़ा पहनकर वह _____ आदमी _____ गली की ओर अपने _____ बच्चे के साथ चल रहा है।

**सूचना :** उचित योजक का प्रयोग करके वाक्य लिखें। 1

(परंतु, इसलिए, कि)

**17.** पानी नहीं बरसा। बड़ी गर्मी है।

**सूचना :** खंड पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

आज का युग विज्ञान का है। मानव जीवन के हर क्षेत्र में उसका प्रभाव देखा जा सकता है। विज्ञान मनुष्य के लिए वरदान है। पहले मनुष्य आकाश में उड़ने की कल्पना करता था। अब वह हवाई जहाज़ के द्वारा सुदूर देशों में घण्टों में पहुँच सकता है। आज हम घर बैठकर हज़ारों मील दूर रहनेवाले अपने मित्र से टलिफ़ोन पर बात कर सकते हैं। सुदूर स्थानों में होनेवाली घटनाओं को दूरदर्शन के माध्यम से अपने कमरे में बैठकर देख भी सकते हैं।

**18.** 'उसका' में प्रयुक्त सर्वनाम है - 1

(वह, यह, वे, ये)

**19.** "विज्ञान मनुष्य के लिए वरदान है" - वाक्य में विज्ञान शब्द - 1

(संज्ञा है, सर्वनाम है, विशेषण है, क्रिया है)

**20.** आज के युग को विज्ञान का युग कहते हैं - क्यों? 1

**21.** विज्ञान मानव के लिए वरदान है-कैसे? 2

-o0o-